Std.V

Hindi Lang.

काल

प्रश्न 1.काल की परिभाषा लिखें ।

उत्तर -- क्रिया के जिस रुप से किसी काम के होने या करने का समय पता चले , उस समय को काल कहते हैं। जैसे - वह खाता है । वह खाता था । वह खाएगा ।

प्रश्न 2.काल के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्त -- काल के तीन भेद होते हैं - 1.वर्तमान काल 2.भूतकाल 3.भविष्यत काल

परिभाषा

1. वर्तमान काल -- क्रिया के जिस रुप से चल रहे समय का पता चले ,उसे वर्तमान काल कहते हैं । जैसे - निखिल पुस्तक पढ़ता है । अमन अभी खा रहा होगा । मैं उत्तर लिख रही हूँ ।

2. भूतकाल -- क्रिया के जिस रुप से बीते हुए समय का पता चले , उसे भूतकाल कहते हैं । जैसे - दादाजी ने कहानी सुनाई । नरेश अभी - अभी गया है ।सुमित ने खाना खा लिया होगा ।

3. भविष्यत काल -- क्रिया के जिस रुप से आनेवाले समय का पता चले , उसे भविष्यत काल कहते हैं । जैसे - मैं कल पटना जाऊँगा । शायद कल वर्षा हो । आज चाचाजी भी आएँगे।

प्रश्न 3. नीचे लिखे वाक्यों में प्रयुक्त ( प्रयोग की गई )क्रियाओं के काल लिखें ।

(क) सीता गाती है । -- वर्तमान काल

(ख) राम बोलेगा । -- भविष्यत काल

(ग) मोहन गया। -- भूतकाल

(घ) वह हँसता था। -- भूतकाल

(ङ) शायद कल धूप निकले। --भविष्यत काल

(च) लड़का खेलता होगा । -- वर्तमान काल

(छ) गीताने कहानी लिखी है ।-- भूतकाल

(ज) बुआ कल आएँगी। --भविष्यत काल

(झ) तितली फूल पर बैठी है। -- वर्तमान काल

(ञ) अंशु पौधे लगाएगी । -- भविष्यत काल

प्रश्न 4. इन वाक्यों को वर्तमान काल में बदलें ।

(क) वह जाता था ।

वर्तमान काल -- वह जाता है ।

(ख) मोहन यहाँ पढेगा ।

वर्तमान काल -- मोहन यहाँ पढ़ता है ।

(ग) वह लिख चुका है ।

वर्तमान काल -- वह लिख रहा है।

(घ) बादल घिर आए थे ।

वर्तमान काल -- बादल घिर आए हैं ।

(ङ) मैं कविता याद करुँगी ।

वर्तमान काल -- मैं कविता याद करती हूँ ।

प्रश्न 5. इन वाक्यों को भूतकाल में बदलें ।

(क) अनीता बहुत काम करती है।

भूतकाल -- अनीता बहुत काम करती थी ।

(ख) पिताजी कल मुंबई जाएँगे ।

भूतकाल -- पिताजी कल मुंबई गए थे ।

(ग) शिमला में बर्फ़ पड़ रही है ।

भूतकाल - शिमला में बर्फ़ पड़ रही थी ।

(घ) आदित्य निबंध लिख रहा होगा ।

भूतकाल -- आदित्य निबंध लिख चुका होगा।

(ङ) रमा मुझे पढ़ाएगी ।

भूतकाल -- रमा मुझे पढ़ाती थी ।

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों को भविष्यत काल में बदलिए ।

(क) सुमेधा सो रही है ।

भविष्यत काल -- सुमेधा सोएगी ।

(ख) हम विद्यालय गए थे ।

भविष्यत काल -- हम विद्यालय जाएँगे ।

(ग)गाड़ी स्टेशन पर आ चुकी है।

भविष्यत काल -- गाड़ी ,स्टेशन पर आएगी ।

(घ) कल वर्षा हुई थी ।

भविष्यत काल -- कल वर्षा होगी।

(ङ) मैंने पत्र लिखा ।

भविष्यत काल -- मैं पत्र लिखूँगा ।